## खबर संक्षेप

### 21 जून तक ई-केवायसी का कार्य करें पूर्ण

**कटनी।** निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा नगर में ई-केवायसी कार्य हेतु पूर्व में जारी विशेष दल के गठन किया जाकर शिविर आयोजित करनें हेतु जारी आदेश में संशोधन किया जाकर आगामी 21 जून तक गठित दल को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ ई-केवायसी कार्य करनें हेतु निर्देशित किया गया है। निगमायुक्त द्वारा जारी इस आदेश में संलग्न सभी आउटसोर्स कर्मियों को एक सप्ताह हेतु पूर्वानुसार विभागीय कार्यो को संपादित करने हेतु मुक्त करते हुए सभी दल प्रभारियों एवं वार्ड वसूलीकर्ताओं को नियत अवधि में सीएससी आपरेटर एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से समग्र ई-केवायसी का कार्य सुनिश्चित करनें के निर्देश दिए है। निगमायुक्त श्री दुबे ने आवश्यकतानुसार उचित मूल्य दुकानों एवं अन्य स्थानों मे आउटसोर्स कर्मचारियों को भेजकर ई-केवाईसी का कार्य कराने के निर्देश दिए है।

### रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला 24 जून को

**कटनी।** राज्य शासन के निर्देश पर जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने मंगलवार 24 जून को शासकीय आईटीआई रोशन नगर कटनी में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक एक दिवसीय जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया है। जिला रोजगार अधिकारी डीके पासी ने बताया कि यह मेला जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं शासकीय आईटीआई कटनी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। इसमें जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में नौकरी दिलाई जाएगी वहीं दूसरी ओर उन्हे स्वरोजागर से जोड़ने के लिए लोन भी उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही जिले एवं जिले के बाहर की कंपनियों में अप्रेंटिसिशप के लिए भी बेरोजगार आवेदको को भेजा जाएगा।

### आरटीई प्रवेश की दूसरे चरण की ऑनलाइन लाटरी 25 जून को

**कटनी।** निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में निरूशुल्क प्रवेश के तहत द्वितीय चरण के लिए आवेदकों द्वारा च्वाइस को अपडेट किये जाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। द्वितीय चरण के लिए ऑनलाइन लाटरी 25 जून को होगी। आवंटन के बाद स्कूल में प्रवेश एवं संबंधित स्कूल द्वारा मोबाइल ऐप से एडमीशन रिपोर्टिंग 25 जून से 30 जून तक की जा सकेगी। द्वितीय चरण के लिए न ही नवीन आवेदन पंजीयन किए गए हैं और न ही पुनरू सत्यापन प्रक्रिया होगी। वह आवेदक जिन्होंने प्रथम चरण में आवेदन किया था और सत्यापन के बाद पात्र पाए गए थे, उनका प्रथम चरण में कोई स्कूल आवंटित नहीं हुआ था। केवल उन्हीं आवेदकों ने द्वितीय चरण के लिए स्कूल की च्वाइस अपडेट किया है। इसके अलावा जिन आवेदकों को प्रथम चरण में स्कूल आवंटन हुआ है, लेकिन स्कूल पसंद नहीं आने के कारण आवंटित स्कूल में एडमीशन नहीं लिया है, उन्हें भी द्वितीय चरण में च्वाइस अपडेट करने का मौका दिया गया था।

### लापता बालिका को मुंबई से किया गया दस्तयाब

**कटनी।** एनकेजे पुलिस ने लापता एक बालिका को दस्तयाब कर परिजनों से मिलाया। थाना प्रभारी एनकेजे कटनी के नेतृत्व में बालिका के दस्तयाबी हेतु टीम गठित की गई थी। साइबर सेल से प्राप्त टावर लोकेशन के आधार पर थाना एनकेजे में धारा 137(2) बीएनएस के तहत दर्ज अपहत नाबालिग बालिका को कल्याण, मुंबई (महाराष्ट्र) से दस्तयाब कर सुरक्षित परिजनो को सुपुर्द किया गया। बालिका के मिलने पर परिजनो ने एनकेजे पुलिस के कार्य की सराहना की है। कार्रवाई में थाना प्रभारी उप. निरी. अनिल यादव, सउनि सहपाल परतेती, प्र. आर. राजेश चौधरी, आर. अर्पित पटेल, आर. सुजीत रजक, मंजू रजक पुलिस लाईन की भूमिका रही।

निर्माणाधीन बस स्टैंड, मोहन घाट के वाटर बॉडी रेजुवनेशन कार्य का निरीक्षण करते हुए दयोदय गौशाला पहुंचे कलेक्टर

# सख्त हिदायतः करोड़ों के निर्माण कार्यो में किसी तरह की नहीं बरतें लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने शुक्रवार को नगर निगम क्षेत्र में संचालित विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण कर जारी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्मित कराने और इन कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस मौके पर जिला सीईओ शिशिर गेमावत और निगमायुक्त नीलेश दुबे मौजूद रहे। कलेक्टर ने झिंझरी स्थित निर्माणाधीन बस स्टैंड और कटनी नदी के मोहन घाट व मसुरहा घाट मे निर्माणाधीन वाटर बॉडी रेजुवनेशन के अलावा कैलवाराखुर्द स्थित दयोदय पशु सेवा केन्द्र द्वारा संचालित गौशाला का अवलोकन किया।



कलेक्टर श्री यादव ने जिला जेल के समक्ष झिंझरी में करीब 3 करोड़ रूपये की लागत से निर्माणाधीन क्षेत्रीय बस स्टैंड के निर्माण कार्य का अवलोकन किया और क्रियान्वयन की स्थिति का मौका मुआयना किया। कलेक्टर ने कार्य की बेहतर गुणवत्ता के निर्देश दिए। इस दौरान मौजूद निगमायुक्त ने निर्माणाधीन बस स्टैंड में उपलब्ध सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी। जैसे टिकट काउंटर, शौचालय, यात्रियों के लिए डॉरमेटरी और दुकानों की व्यवस्था होने की जानकारी दी। कलेक्टर ने निगमायुक्त से भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए निर्माणाधीन बस स्टैंड को वृहद, व्यापक और अत्याधुनिक स्वरूप देने के नजरिये से अतिरिक्त भूमि आवंटन हेतु आवेदन करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री यादव ने अमृत 2.0 योजनान्तर्गत कटनी नदी पर निर्मित मोहन घाट में नदी के दोनों ओर 150-150 मीटर लम्बाई में एवं मसुरहा घाट में नदी के दोनों ओर 180-180 मीटर लम्बाई में वाटर बॉडी रेजुवनेशन के निर्माणाधीन कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव ने कलेक्टर को बताया कि करीब 1.83 करोड़ रूपये की लागत से यह कार्य कराया जा रहा है, जो कि लगभग 90 फीसदी पूर्ण हो चुका है। उपरोक्त के अतिरिक्त कटनी नदी में मोहन घाट, मसुरहा घाट एवं गाटरघाट में मिलने वाले नालों के ट्रीटमेंट हेतु कुल 2.65 एमएलडी क्षमता के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट्स का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जो कि लगभग 88 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। बताया गया कि इन सभी निर्माण कार्यों को आगामी 15-20 दिनों में पूर्ण कराये जाने का लक्ष्य है।

कलेक्टर श्री यादव ने दयोदय पशु सेवा केन्द्र कैलवारा खुर्द पहुंचकर गौशाला का अवलोकन किया। कलेक्टर ने यहां के प्रबंधकों और संचालकों से यहां उपलब्ध पर्याप्त भूमि को देखते हुए गौ-वंश को रखने की क्षमता बढ़ाने की बात कही। इस गौशाला में गोवंश पशुओं का पालन पोषण एवं रखरखाव बहुत ही समुचित ढंग से किया जाता है। साथ ही गौ-रक्षा अधिनियमों के अंतर्गत जब्तशुदा पशु एवं अन्य विधिक प्रक्रियाओं द्वारा कस्टडी में रखे जाने वाले पशुओं की यहां देखभाल भी की जाती है। यह गौशाला लगभग 30 एकड़ क्षेत्र में है। यहां 7 पशु शेड, एक भूसा गोडाउन, एक सिक शेड के साथ लगभग 700 गौवंश पशुओं को रखे जाने की क्षमता के साथ संचालित है। कलेक्टर ने यहां परिसर में निर्मित समोसरण मंदिर, बड़ा मंदिर, नंदीश्वर मंदिर में भगवान के दर्शन किए।



# जिला जेल में भागवत कथा का किया जा रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन के नेतृत्व में पहली बार झिंझरी स्थित जेल में कैमोर उपशाखा प्रभारी राजयोगिनी कथावचिका बीके भारती बहन द्वारा सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है इस संस्था के द्वारा भागवत कथा का आयोजन एक सकारात्मक पहल जो कैदियों के जीवन में सुधार लाने और उन्हें आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करने का प्रयास है यह पहल कैदियों को सकारात्मकता प्रेरणा और धार्मिकता की ओर ले जाती है जिससे उनके जीवन में बदलाव आए । कथावाचिका बीके भारती बहन ने कहा कि भगवत गीता अपराधों से मुक्ति के लिए ज्ञान कर्म और भक्ति के मार्ग का अनुसरण करने की शिक्षा देती है । यह अपराधबोध को समझने और उसे ज्ञान और शक्ति में बदलने में मदद करती है गीता में क्षमा दया और प्रेम जैसे गुणों को भी महत्व दिया गया है जो मनुष्य को अपराधों से मुक्त होने और अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में ले जाने में मदद करते हैं । इस अवसर पर जेल अधीक्षक प्रभात चतुर्वेदी, चीफ अरविंद कुमार शाह, राहुल साहू, दुर्गा बहन,ज्योति बहन,बरखा बहन,,रानी शर्मा,श्रृष्टि मिश्रा, दीप शिखा पांडे का सहयोग रहा।



### दो ट्रकों के बीच हुई टक्कर में चालकों को आई चोटें, दोनों को अस्पताल में कराया गया भर्ती

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत बायपास मार्ग में दो ट्रकों के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में चालकों को चोट आई है। हादसे की सूचना मिलने पर कुठला पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायलो को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। जानकारी के अनुसार मैहर शहडोल बाईपास मार्ग के पास बड़वारा थाना क्षेत्र से आ रही रेत से लोडेड हाईवे और केप्सूल वाहन की टक्कर हो गई। इस भिड़ंत में दोनों चालको को गंभीर चोट आई है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल चालको को एम्बुलेंस के मदद से जिला अस्पताल भिजवाया। हादसे के बाद वाहनों की कतार लग गई थी पुलिस ने जाम को खुलवाया जिससे आवागमन बहाल हो सका।

# शिकायतों के निराकरण में नगर निगम टॉप 5 जिलों में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सी.एम. हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के मामले मे नगर निगम कटनी 16 नगर निगमों की सूची में टॉप 5 अग्रणी जिलों में शामिल है। शिकायतों के निराकरण मे नगर निगम कटनी ने 91.84 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड पर पांचवा स्थान हासिल किया है।

निगमायुक्त श्री दुबे ने इस उपलब्धि हेतु निगम के सभी संबंधित अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए आगे भी इसी प्रकार लगन तथा मेहनत से कार्य करने के लिए कहा है।

**परफार्मेंस के आधार पर निर्धारित किया जाता है ग्रेड**

उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा प्रत्येक माह सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण के आधार पर ग्रेडिंग जारी की जाती है। सीएम हेल्पलाइन की परफॉर्मेंस के आधार पर ए. बी.तथा सी. ग्रेड निर्धारित किया जाता है।

आयुक्त नीलेश दुबे ने नगर निगम की विभिन्न शाखाओं के अधिकारियों को सी.एम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में और अधिक संवेदनशीलता के साथ कारगर पहल करने के निर्देश दिए हैं। नगर निगम द्वारा मई माह में प्राप्त कुल 578 शिकायतों का 53.88 वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का निराकरण किया गया है।

## विद्युत समस्याओं के निराकरण हेतु हुई समीक्षा बैठक



बड़वारा विधानसभा के अंतर्गत आने वाले समस्त विद्युत वितरण केंद्र में विद्युत समस्या निरंतर बढ़ रही है। शिकायत लगातार बड़वारा विधायक को विभिन्न माध्यमों से प्राप्त हो रही थी जिनके निराकरण हेतु बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक बड़वारा में रखी गई। बैठक में सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम सभी मंडलों के अध्यक्ष गण एवं जनपद उपाध्यक्ष रामसेवक दुबे, संगठन के पदाधिकारी बंधु एवं विद्युत विभाग के अधिकारी अधीक्षण अभियंता SE, कार्यपालन अभियंता DE, समस्त जेई एवं मान्य सभी कर्मचारी उपस्थित रहे, सभी के द्वारा अपने-अपने मंडलों की विद्युत समस्याएं अधिकारियों के सामने रखी गई, बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने तत्काल निराकरण करने का निर्देश दिया एवं अधिकारियों ने जल्द से जल्द सभी समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया। इस संबंध में अधीक्षण अभियंता डीएन चौकीकर ने बताया कि बैठक में प्राप्त सभी विद्युत समस्याओ का अतिशीघ्र निराकरण किया जावेगा।

# बसों में कैमरे, पैनिक बटन एवं लोकेशन ट्रेकिंग डिवाइस सक्रिय स्थिति में रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव और पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अति. क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में बस संचालकों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले के अधिकतर बस संचालक सम्मिलित हुये। बैठक में अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पाल एवं यातायात सूबेदार सौनम उइके तथा सहायक उपनिरीक्षक अशोक सिंह की उपस्थिति में मुख्य रूप से महिलाओं की सुरक्षा सम्बन्धी निर्देश दिये गये। बैठक में समस्त संचालकों को बताया गया कि वाहनों में सी.सी.टी.व्ही कैमरा,



व्हीकल लोकेशन ट्रेकिंग डिवाइस एवं पैनिक बटन सक्रिय स्थिति में रहना चाहिये। साथ ही महिलाओं एवं दिव्यांग जनों के लिये यात्री बसों में आरक्षित सीटों का विवरण अनिवार्य रूप से बसों में प्रदर्शित होना चाहिए। इसके अलावा महिला सुरक्षा की दृष्टि से एक हेल्पलाइन नंबर भी प्रदान किया जायेगा। जो कि बस में प्रदर्शित किया जाना अनिवार्य रहेगा। इन समस्त कार्यों हेतु बस संचालकों को एक सप्ताह का समय प्रदान किया गया है। साथ ही चेतावनी देते हुए कहा गया कि एक सप्ताह पश्चात वाहनों की जांच किये जाने पर दिए गए निर्देशों के पालन नहीं करने पर विधि अनुसार कार्यवाही की जावेगी।

ऑनलाइन पेमेंट का झांसा देकर लगाया 3500 रूपए की चपत

# धोखाधड़ी के मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर भेजा गया हवालात

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा पुलिस ने धोखाधड़ी करने के मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में की गई। थाना प्रभारी मो. शाहिद ने बताया कि ग्राम सिलौडी में फोनपे/ गूगलपे के माध्यम से करीब 3500 रूपए की धोखाधड़ी करने वाले तीन आरोपितों को पकडा गया है। प्रार्थी रवीन्द्र काछी पिता कोदूलाल काछी 42 साल निवासी ग्राम सिलौडी द्वारा चौकी में शिकायत दी गईं कि वाहन क्रमांक एमपी 17 सीए 1897 से आये तीन लोगो द्वारा फोनपे / गूगल पे के माध्यम से 2000 रुपए की धोखाधडी की गई है एंव बगल वाली दुकान के मालिक साहिल यादव के साथ भी आनलाईन पेंमेट का झांसा देकर 1500 रूपये की धोखाधडी की गई है।



शिकायत पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 274/25 धारा 318(4), 3(5) बीएनएस 66डी आईटी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर गंभीरता से तत्वरित कार्यवाही करते हुये कुछ ही घंटो में प्रकरण के तीन आरोपी प्रवीण कुशवाहा, करण कुशवाहा दोनो निवासी जिला रीवा एवं बुद्धीमान कुशवाहा निवासी जिला मउगंज को हिरासत में लिया। आरोपियों ने पूछताछ मे अपराध करना स्वीकार किया गया, आरोपियो से हड़पी गई राशि 3500 रुपए नगदी घटना में प्रयुक्त मोबाईल एंव वाहन कार अल्टो को जप्त किया गया।

कार्यवाही में थाना प्रभारी ढीमरखेडा मो. शाहिद, सउनि जयंचद उईके. उनि विष्णुशंकर जायसवाल, अतुल शर्मा, पंकज सिंह,अजय धुर्वे धर्मवीर सिंह, रामसेवक विश्वकर्मा का विशेष योगदान रहा।

सांसद सुमित्रा बाल्मीक के मुख्यातिथ्य में होगा आयोजन

# योग दिवस पर आज जिला से लेकर पंचायत तक में होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शनिवार 21 जून को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस व्यापक पैमाने पर पूरे हर्षोल्लास और मनोयोग से मनाया जाएगा। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवनगर मे प्रातः 6 बजे से आयोजित किया गया है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद सुमित्रा बाल्मीक होंगी।

### एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य है थीम

इस वर्ष के योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है। जिले मे योग दिवस का कार्यक्रम जिला मुख्यालय के अलावा पंचायत परिसर, आंगनबाडी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, विद्यालय, और आयुष्मान आरोग्य मंदिर आदि जगहों में भी किया जायेगा। जिला स्तरीय योग दिवस के कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के साथ -साथ अधिकारी एवं कर्मचारी भी शामिल होंगे। ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस - 2025 के तहत 21 जून को प्रातः 6 बजे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य मे आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम का सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर प्रसारण किया जायेगा।

### भागीदारी का आव्हान

जिले के पतंजलि योग संस्थान, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, स्वयंसेवी संगठन और औद्योगिक संगठनों की भागीदारी का आव्हान किया गया है। इसके अलावा जिले के सभी नगरीय निकाय और पंचायतें,एनसीसी ,एनएसएस, नेहरू युवा केन्द्र भी योग दिवस पर सहभागिता निभायेंगे।

इस वर्ष केन्द्र सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम ष्एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योगष ₹ Yoga For One Earth, One Health तय की गई है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को सुबह 6.00 से 6.20 बजे तक स्थानीय कार्यक्रम एवं जनप्रतिनिधियों के उद्बोधन होंगे। सुबह 6.20 से 6.30 बजे तक भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ. यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया जायेगा। सुबह 6.30 से 7.00 बजे तक विशाखापट्टनम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया जायेगा। सुबह 7.00 से 7.45 बजे तक सामान्य योग प्रोटोकॉल का सामूहिक योगाभ्यास सभी प्रतिभागियों द्वारा किया जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा।

### योग दिवस के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों की लगी ड्यूटी

राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा संपूर्ण प्रदेश में जिला, विकासखंड एवं पंचायत स्तर पर शनिवार 21 जून को सामूहिक योग कार्यक्रम के आयोजन के निर्देश दिए गए है। इसी क्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले में आयोजित होने वाले योग कार्यक्रम के लिए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार योग कार्यक्रम के वृहद आयोजन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को नोडल एवं जिला आयुष अधिकारी को सहायक नोडल बनाया गया है। जिला स्तरीय कार्यक्रम का संपूर्ण प्रभारी डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता एवं समन्व्यक एसडीएम कटनी प्रदीप मिश्रा को बनाया गया है। ये सभी अधिकारी सामूहिक योग कार्यक्रम में एनसीसी, एनएसएस, पुलिसकर्मियों, विभिन्न प्रशिक्षण संस्थान, शासकीय सेवकों, स्वयंसेवी संगठन वाणिज्यिक एवं औद्योगिक संगठन तथा आम नागरिकों की सामूहिक योग कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

# नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर किया जाएगा वन टाइम रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत सरकार के निर्देशानुसार कक्षा 9वीं से महाविद्यालय स्तर तक अध्यनरत अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के उन विद्यार्थियों को जिन्हें केंद्र प्रवर्तित प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (वार्षिक पारिवारिक आय ढाई लाख से कम) का लाभ प्राप्त होता है, उन्हें वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। विद्यार्थियों द्वारा एक बार में वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) नंबर प्राप्त कर लिए जाने के पश्चात भविष्य में भी आगामी कक्षाओं में इसी नंबर के आधार पर छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त किया जा सकेगा। इसके लिए पुनः ओटीआर की आवश्यकता नहीं होगी। प्रत्येक विद्यार्थी का रजिस्ट्रेशन 30 जुलाई से पूर्व किया जाना है, जिससे विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति योजनाओं से लाभावित किया जा सके।

कक्षा 9वीं से महाविद्यालय स्तर तक अध्यनरत जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों द्वारा ओटीआर नंबर प्राप्त करने की प्रक्रिया दो चरणों में संपन्न होगी। प्रथम चरण में विद्यार्थी को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल की वेबसाइट से अथवा मोबाइल पर एनएसपी ओटीआर मोबाइल ऐप डाउनलोड कर उसमें आवश्यक जानकारी दी जाकर रेफरेंस नंबर प्राप्त करना होगा।

द्वितीय चरण में एनएसपी ओटीआर एप एवं आधार फेस आरडी सर्विस एप डाउनलोड कर रेफरेंस नंबर के माध्यम से ओटीआर की प्रक्रिया पूर्ण कर ओटीआर नंबर प्राप्त करना होगा।

## खबर संक्षेप

### लिफ्ट लेकर बस चालक से नकदी व मोबाइल लूटा

**कटनी।** नेशनल हाईवे में इन दिनों सक्रिय बदमाशों की टोली वाहन चालकों को लूट रही है। एक के बाद एक हुई वारदातों से राहगीरों में दहशत का माहौल है वहीं पुलिसिया गश्ती पर भी सवाल उठ रहे हैं। लुटेरों ने बस मालिक को लिफ्ट देने के बहाने कार में बैठाया और कुछ दूर ले जाकर मारपीट कर के लूट लिया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार सिहोरा बस स्टैंड क्षेत्र निवासी 43 वर्षीय अमित उपाध्याय गत दिवस उसकी बस खराब होने के कारण कटनी के आईसर सर्विसिंग सेंटर में बनने के लिए आई थी। बस को सुधारने के लिए अमित सर्विस सेंटर गया था। 19 जून के तड़के 4:30 बजे जब वह आईसर सर्विस सेंटर से निकलकर वापस सिहोरा अपने घर जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहा था, इसी दौरान उसने लिफ्ट लेने के इरादे से एक कार को रोका। जबलपुर जा रहे कार में बैठे चार लोगों ने उसे कार में लिफ्ट दे दी। अपने साथ कुछ दूर ले जाने के बाद कार सवार युवकों ने अमित को मारपीट करते हुए लूट लिया। लुटेरे अमित से दो मोबाइल और नगद 20 हजार रुपए लेकर चम्मपत हो गए। पुलिस ने लूट का शिकार हुए पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात लुटेरों के खिलाफ धारा 309(6), 127(7) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर तलाश शुरू कर दी है।

### नगर निगम द्वारा नाले-नालियों की कराई जा रही सफाई

**कटनी।** वर्षा ऋतु में जप्लावन से नागरिकों को राहत प्रदान करने की दिशा में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशानुसार नाला नालियों एवं सीवर की सफाई के लिए नियमित रूप से मानव संशाधनों के साथ-साथ मशीनरी संशाधनों को भी लगाकर युद्ध स्तर पर सफाई कराई जा रही है। नगर के विभिन्न वार्डो के बड़े नालों में मशीनरी संशाधनों को उतारकर वहाँ की सफाई भी तेजी से कराई जा रही है ताकि वर्षा जल की निकासी सुगमतापूर्वक हो सके। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि नगर निगम शहर के बड़े नालों की सफाई कार्य वर्षा पूर्व चालू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा पूर्व मे ही स्वास्थ विभाग की बैठक आयोजित कर नगर के बड़े नालों की सफाई कार्य को गंभीरता से किए जाने के निर्देश दिये थे, जिसके बाद नगर निगम द्वारा सफाई कार्य में प्रयुक्त होने वाली मशीनों सहित जेसीबी एवं मेनपावर लगाकर नाले-नालियों की सफाई कार्य करवाया जा रहा है।

### आज मनाया जाएगा 11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

**कटनी।** प्रतिवर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन देश भर में हर्षोल्लास के साथ किया जाता है। इस वर्ष आयोजित 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन उसी हर्षोल्लास के साथ किया जाएगा। इसी परिप्रेक्ष्य में आयुक्त श्री नीलेश दुबे ने निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे निगम स्तर पर योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए है कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए जिले की समस्त संस्थाओं को प्रेरित करने के साथ ही सभी कार्यक्रम आयोजकों को लिंक पर अपना पंजीयन कराना होगा। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा योग निर्धारित प्रोटोकॉल अनुसार आयोजित किया जाएगा। निगमायुक्त नीलेश दुबे ने समस्त जनप्रतिनिधि गणों से आयोजित कार्यक्रम में निर्धारित समय में पहुंचने की अपील की है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम सुबह 6:00 बजे से 7:45 तक आयोजित किया जाएगा जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण नगरीय निकायों के मुख्यालय एवं वार्डों में कराया जाएगा। मप्र शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निर्देशित किया गया है कि योग दिवस कार्यक्रम के लिए जिले में योग आयोजन कराने वाली संस्थाओं का अधिकाधिक पंजीयन कराया जाना सुनिश्चित करना होगा।

## शासन द्वारा जारी की गई ग्रेडिंग में कटनी ने हासिल किया 85.09 वेंटेज स्कोर

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में कटनी ने बनाया कीर्तिमान, पाया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के मामले में कीर्तिमान बना दिया है। कटनी कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के नियमित अनुश्रवण और पर्यवेक्षण की वजह से कटनी जिले ने प्रथम समूह के 28 जिलों में प्रथम स्थान अर्जित किया है। राज्य शासन द्वारा शुक्रवार को प्रदेश के जिलों की सीएम हेल्पलाइन के शिकायतों के निराकरण के आधार पर जारी की गई ग्रेडिंग में कटनी जिले ने 85.09 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल कर प्रथम स्थान अर्जित किया है।

कटनी जिला प्रथम समूह के 28 जिलों में अव्वल रहा है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने विभागों के अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में और अधिक संवेदनशीलता के साथ परिणामोन्मुखी प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। जिले में बीते मई माह में प्राप्त कुल 9 हजार 418 शिकायतों में से 85.09 वेटेज स्कोर के साथ जिले ने ए ग्रेड हासिल कर 50.76 वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया गया।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर यादव के द्वारा सीएम हेल्पलाइन की निरंतर समीक्षा के परिणामस्वरूप कटनी जिला पिछले 11 माहों से लगातार प्रदेश के 5 अग्रणी जिलों में शामिल है। इस उपलब्धि पर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जिला प्रशासन के अमले को शाबाशी देते हुए भविष्य में भी इसी जोश और जज्बे के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन प्रशासन में शुचिता, पारदर्शिता तथा सुशासन का बेहतर माध्यम होने के साथ ही आमजन की समस्याओं के निराकरण का भी अच्छा माध्यम है। उन्होंने कहा कि हमारा सदैव यह प्रयास होना चाहिए कि लोगों की शिकायतों और समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण कर उन्हें सहूलियत दी जाए। शिकायतों के त्वरित और संतुष्टिपूर्ण निराकरण से आमजन का प्रशासन पर भरोसा बढ़ता है।

### समय- सीमा बैठक में समीक्षा

कलेक्टर ने बताया कि शिकायतों के निराकरण में आने वाली कठिनाई को दूर करने तथा समय-सीमा में निराकरण के लिए विभागीय अधिकारियों को मार्गदर्शन और आपरेटर को जिला स्तर पर प्रशिक्षण दिया गया।जिला अधिकारियों के साथ ही मैदानी अमला भी शिकायतकर्ताओं से संपर्क कर त्वरित निराकरण के लिए पूरी गंभीरता और तत्परता से कार्य करते हैं। उचित मार्गदर्शन से शिकायत उच्च स्तर पर जाने के पूर्व ही फर्स्ट लेवल में ही निराकरण कर लिया जाता है।

कलेक्टर श्री यादव ने सभी अधिकारियों को यह निर्देश दिए हैं कि सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों और समस्याओं का केवल निराकरण ही नहीं करना है, बल्कि निराकरण संतुष्टिपूर्ण हो, इसका हमेशा प्रयास किया जाए। इसके लिए जरूरी है समस्या के निराकरण होने तक शिकायतकर्ता से सतत संपर्क एवं संवाद बनाए रखा जाए।

कलेक्टर सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के त्वरित और संतुष्टिपूर्ण निराकरण की प्रतिदिन नियमित रूप से सभी विभागों की सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के गहन समीक्षा करते हैं। इसके साथ ही प्रत्येक सप्ताह आयोजित होने वाली समय -सीमा बैठक में भी सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की गहन समीक्षा की जाती है। जिला स्तर पर समीक्षा के साथ ही अनुभाग और जनपद स्तर पर भी समीक्षा की जाती है तथा संबंधित विभागों के जिला अधिकारी भी इसकी नियमित समीक्षा और निराकरण के लिए कार्य करते हैं।

### पुलिस व ननि भी को भी ए ग्रेड

कलेक्टर श्री यादव के मार्गदर्शन में सीएम हेल्पलाइन की संतुष्टिपूर्ण शिकायतों के निपटारे के मामले में कटनी जिले के पुलिस विभाग को तीसरा स्थान मिला है। पुलिस विभाग ने मई माह में 660 शिकायतों में से 56.27 वेटेज स्कोर के साथ संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर 'ए' ग्रेड हासिल किया। जबकि जिला पंचायत अपने समूह में 50.96 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड में तथा नगर निगम द्वारा पांचवें स्थान पर रहकर मई माह में प्राप्त 578 शिकायतों का 53.88 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल किया है। इस प्रकार जहां कटनी पुलिस ने कुल 91.45 वेटेज स्कोर हासिल किया है।

वहीं जिला पंचायत ने 88.11 वेटेज स्कोर और नगर निगम ने 91.84 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड अर्जित किया है। कलेक्टर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लगनशीलता की सराहना की है।



# बड़वारा में शिक्षकों ने सीखी गणित की विधा

**प्राथमिक कक्षा के 226 शिक्षकों एवे 10 जन शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

NEP 2020 को सफल बनाने FLN को मजबूती प्रदान करने के लिए जनपद शिक्षा केन्द्र बड़वारा अन्तर्गत विद्यालयों में कक्षा 1 व 2 में गणित पढ़ाने वाले 226 शिक्षक एवं जनशिक्षा केन्द्रों में कार्यरत 10 जनशिक्षकों ने चार चरणों में दो दिवसीय प्रशिक्षण बीआरसीसी सुबरन सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में प्राप्त किया। प्रशिक्षण प्रभारी ब्रजेश बुनकर एवं डीआरजी हितेश तिवारी, विजेन्द्रनाथ बसक, राकेश बघेल, वीरेन्द्र गौतम की महती भूमिका रही।प्रशिक्षण के अंतिम दिवस 19 जून को 10 वीं, 12 वीं की बोर्ड परीक्षाओं का निरीक्षण करने पहुंचे कटनी जिला शिक्षा विभाग के मुखिया जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वीपाल सिंह द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षकों को मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। प्रशिक्षण उपरान्त विकासखण्ड बड़वारा में पदस्थ नवागत विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी शिव मंगल सिंह के कर कमलों द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया । शिक्षकों ने प्रशिक्षण से प्राप्त FLN गणित की विधाओं का कक्षा में प्रयोग कर बच्चों को गणित में निपुण कर भारत को निपुण भारत बनाने का संकल्प लिया।

*महापौर व निगमायुक्त ने घटनास्थल पर मौजूद रहकर हर गतिविधि की ली जानकारी*

# 6 ट्रिप फायर गाड़ी और 30 फायर मैन की टीम ने पाई बड़ी सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम के फायर ब्रिगेड कर्मियों द्वारा स्टेशन रोड पंचमुखी हनुमान मंदिर स्थित गीता मोमबत्ती, अगरबत्ती की दुकान के पास लगी भीषण आग पर विभाग ने तत्परता दिखाते हुए 2.30 घंटे की मेहनत और मशक्कत के बाद काबू पाने में सफलता प्राप्त कर ली।



महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी को आग लगने की सूचना मिलते ही उनके द्वारा पार्षद साथियों के साथ घटना स्थल पर मौजूद रहकर प्रत्येक गतिविधि की जानकारी ली गई तथा दमकल कर्मियों को बीच बाजार क्षेत्र में लगी इस भीषण अग्नि दुर्घटना पर काबू पाने हेतु हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान नगर निगम उपायुक्त शैलेश गुप्ता, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक सहित निगम के अन्य विभाग के अधिकारी भी मौके पर उपस्थित रहे।

फायर निरीक्षक शैलेन्द्र दुबे ने अग्नि दुर्घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि स्टेशन रोड में हनुमान मंदिर के पास स्थित गीता मोमबत्ती अगरबत्ती की दुकान के पास आग लगने की दूरभाष पर जानकारी प्राप्त होने पर विभाग द्वारा तत्परता दिखाते हुए लगभग 30 कर्मचारियों की टीम को इस दुर्घटना में काबू पाने हेतु उतारा गया। दमकल कर्मियों द्वारा मौके पर डटकर 6 ट्रिप फायर गाड़ी के माध्यम से पानी का प्रेशर मारकर भीषण आग की घटना पर काबू पाया लिया।

फायर निरीक्षक श्री दुबे ने बताया कि महापौर प्रीति संजीव सूरी ओर निगमायुक्त नीलेश दुबे ने दमकल टीम के सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि बीच बाजार क्षेत्र में लगी इस आग से किसी प्रकार की जनहानि न हो, इस हेतु तत्परता के साथ आग पर काबू पाने संबंधी हर संभव प्रयास किए जाये। जिस पर दमकल विभाग के जाबांज कर्मचारियों की तत्परता दिखाते हुए अपनी जान की बाजी लगाकर कड़ी मशक्कत के फलस्वरूप आग पर काबू पाने की सफलता मिल सकी।

## पुलिस लाइन में जनरल परेड का हुआ आयोजन



शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस लाइन में जनरल परेड का आयोजन किया गया। जनरल परेड का संचालन रक्षित निरीक्षक संध्या राजपूत द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पच्चीसिया, थाना प्रभारी रंगनाथ नगर उप निरीक्षक नवीन नामदेव, थाना प्रभारी बड़वारा उपनिरीक्षक के. के. पटेल सहित कुल 55 अधिकारी, कर्मचारी परेड में सम्मिलित हुए। परेड में पुलिस लाइन, थानों, यातायात, एसएएफ, महिला बल एवं डॉग स्क्वाड के बल की उपस्थिति रही। पुलिस अधीक्षक श्री विश्वकर्मा द्वारा परेड का निरीक्षण कर परेड की गुणवत्ता और टर्नआउट की सराहना की गई। उत्कृष्ट टर्नआउट एवं अनुशासित परेड प्रदर्शन हेतु कुछ कर्मचारियों को मौके पर ही पुरस्कृत किया गया। निरीक्षण के उपरांत सभी अधिकारियों को प्लाटून ड्रिल की नियमित प्रैक्टिस करने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि बल की दक्षता एवं अनुशासन में निरंतर वृद्धि हो।

# नगर निगम द्वारा चिन्हित किए गए 58 जर्जर भवन, जारी की गई सूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आगामी वर्षा ऋतु में जर्जर भवनों के कारण होने वाली संभावित दुर्घटनाओं को रोकने हेतु निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशानुसार कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा द्वारा आम सूचना जारी की जाकर नगर निगम सीमा के विभिन्न वार्डों के 58 जर्जर भवन चिन्हित किये गये है, जो मानव आवास हेतु उपयुक्त नहीं है।



अतः कार्यपालन यंत्री श्री मिश्रा द्वारा समस्त भवन स्वामियों को सूचना देते हुए कहा गया है कि मानव आवास हेतु अनुपयुक्त भवन को स्वयं गिराकर अथवा मरम्मत योग्य भवन को मरम्मत कराकर इस कार्यालय को सूचित करें। यदि मानव आवास हेतु अनुपयुक्त भवन से किसी भी प्रकार की जन धन हानि होती है तो उसके लिए भवन स्वामी स्वयं जवाबदार होगें। साथ ही ऐसे भवन स्वामी जिनके द्वारा मानव आवास हेतु अनुपयुक्त भवन का मरम्मत, नये निर्माण जर्जर भवन गिराकर किया गया है, ऐसे नागरिकों को नगर पालिक निगम कटनी में लिखित सूचना देनी होगी।

आम सूचना के माध्यम से सर्वेक्षित सूची के अतिरिक्त मानव आवास हेतु अनुपयुक्त भवनों जिनको नगर पालिक निगम कटनी द्वारा सूची में शामिल नहीं किया गया है, तो उसकी लिखित सूचना कार्यालय में प्रस्तुत करें, ताकि म०प्र० नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के अंतर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जा सके।

*मप्र पहला राज्य जहां निकायों को सिंगल पोर्टल पर लाया गया*

# नगरीय निकायों को कंप्यूटरीकृत करने के लिए बनाई वेब आधारित ई-नगर पालिका 2.0 योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को कम्प्यूटरीकृत करने के लिये केन्द्रीकृत वेब आधारित ई-नगरपालिका 2.0 योजना प्रारंभ की है। यह योजना डिजिटल इण्डिया के उद्देश्य को बढ़ावा देने तथा पारदर्शी और त्वरित नागरिक सेवा देने के उद्देश्य से लागू की गयी है। यह योजना ई-गवर्नेंस का अनूठा उदाहरण है।




ई-नगरपालिका 1.0 द्वारा नगरीय निकायों द्वारा प्रदत्त समस्त नागरिक सेवाओं, जन-शिकायत सुविधा, निकायों की आंतरिक कार्य-प्रणाली, समस्त भुगतान और बजट प्रक्रिया को एकीकृत कर ऑनलाइन सुविधा प्रदाय की जा रही है। मध्यप्रदेश ऐसा पहला राज्य है, जहाँ प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों को एक सिंगल पोर्टल पर लाया गया है।

ई-नगरपालिका 2.0 का विभिन्न विभागों जैसे उद्योग, राजस्व, पंजीयन विभाग आदि एवं भारत सरकार के महत्वपूर्ण मोबाइल ऐप जैसे उमंग से भी एकीकृत किया गया है। प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में नागरिक सेवाओं को प्रदाय करने के लिये एकीकृत एकल एसएपी, ईआरपी प्लेटफार्म आधारित ई-नगरपालिका 1.0 लागू की गयी थी। इसके बाद ई-नगर पालिका 2.0 नगरीय निकायों में लागू कर दी गयी है। इसके अंतर्गत 16 मॉड्यूल तथा 24 नागरिक सेवाएँ शामिल हैं।

भौतिक अवसंरचना को क्लाउड सेवाओं द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है। ई-नगर पालिका 2.0 में जीआईएस एकीकरण और आर्टीफीशियल इंटेलीजेंस का भी उपयोग किया जा रहा है। कॉमन सर्विस सेंटर, एमपी ऑनलाइन कियोस्क सेंटर और भुगतान गेटवे के साथ ई-नगर पालिका 2.0 का एकीकरण किया जा रहा है। ई-नगरपालिका 2.0 ओपन सोर्स प्लेटफार्म टेक्नोलॉजी पर आधारित है। ई-नगरपालिका 2.0 पोर्टल का विकास 2 वर्ष तथा 5 वर्ष के ऑपरेशन और मेंटेनेंस का कार्य वेंडर द्वारा किया जायेगा। विभाग द्वारा अपनी वेबसाइट भी प्रारंभ की गयी है, जिसका यूआरएएल www.mpurban.gov.in है। वेबसाइट पर विभाग द्वारा नगरीय निकायों से संबंधित आवश्यक जानकारी स्टेटिक और डायनामिक रूप में उपलब्ध करायी गयी है।

## महापौर ने विभिन्न विकास कार्यो का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

# निर्माण कार्यों में गुणवत्ता मानकों का रखें ध्यान, कोताही बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम प्रशासन के माध्यम से नागरिकों को प्रदाय की जाने वाली यातायात, सुगम जल निकासी आदि की सुविधाओं को मानक गुणवत्ता के साथ तय समय-सीमा में पूर्ण करानें के उद्देश्य से इंदिरा गांधी वार्ड स्थित बाला जी नगर, आजाद चैक से झंडा बाजार मुख्य जुलूस मार्ग में कराये जा रहे डामरीकरण कार्य का शुक्रवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा निरीक्षण किया जाकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष सिब्बू साहू, डॉ रमेश सोनी, श्रीमती बीना संजू बैनर्जी, पार्षद शकुंतला सोनी, वंदना राजकिशोर यादव, सीमा श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद कमलेश चौधरी एवं निगम अधिकारियों की मौजूदगी रही।





महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा इंदिरा गांधी वार्ड के बालाजी नगर में जल निकासी की सुगम व्यवस्था हेतु 60 लाख रुपये की लागत से निर्मित कराये जा रहे 450 मीटर लंबे एवं 4 फुट चौड़े नाले का निरीक्षण वार्ड पार्षद ओमप्रकाश सोनी बल्ली एवं क्षेत्रीय नागरिकों के साथ किया गया। निरीक्षण के दौरान किड्स केयर कोचिंग के सामने गली के पास नाले का चेंबर क्षतिग्रस्त पाए जाने पर निर्माणाधीन एजेंसी के प्रतिनिधि को निर्माण कार्य के दौरान आवश्यक सूचना संकेतक लगाने के साथ ही नागरिकों की सुविधा हेतु कराए जा रहे इस नाले के निर्माण कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किये जाने की बात महापौर श्रीमती सूरी द्वारा कही गई। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में आने वाली स्थानीय समस्याओं के संबंध में भी नागरिकों चर्चा की जाकर समस्या का निराकरण कराकर महापौर श्रीमती सूरी द्वारा नाला निर्माण होने से क्षेत्र की गंभीर जलप्लावन की समस्या के निराकरण होने की बात कही। इस दौरान क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक राजेन्द्र मिश्रा, बाल्मीक मिश्रा, सीबी दुबे, अनिल बैरागी, नरेन्द्र अग्रवाल, बीबी सक्सेना, आशीष बरसैया सहित मातृ शक्ति श्रीमती शकुन गुप्ता एवं अभिलाषा श्रीवास्तव की मौजूदगी रही।

### जुलूस मार्ग के डामरीकरण कार्य का किया निरीक्षण

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा पार्षदों की टीम के साथ आजाद चौक से शेर चौक तक जुलूस मार्ग का पैदल भ्रमण कर स्थल पर चल रहे डामरीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा मार्ग के दौनों ओर बची शेष सड़क में डामरीकरण की मांग किये जाने पर महापौर श्रीमती सूरी द्वारा स्टीमेट के निरीक्षण उपरांत शेष बचे स्थल पर भी नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए डामरीकरण अथवा पेवर ब्लाक फ्लोरिंग कार्य करानें की बात कही जिस पर नागरिकों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई। इस दौरान घन्श्याम सोनी, सुरेश सोनी, भोलू सोनी, संजय तीतबिरासी सहित अन्य स्थानीय नागरिकों की मौजूगगी रही।

### जिला पंचायत टॉप फाइव में शामिल

**कटनी।** सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के मामले में राज्य स्तर से जारी ग्रेडिंग में प्रथम समूह में जिला पंचायत कटनी को टॉप फाइव में स्थान मिला है। जिला पंचायत कटनी द्वारा माह मई 2025 में प्राप्त 1175 शिकायतों को ए रेटिंग 50.96 संतुष्टि पूर्ण वेटेज और 88.11 कुल वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का निराकरण किया गया है। सीईओ गेमावत की सतत मॉनिटरिंग और अनुश्रवण के फलस्वरूप जिला पंचायत ने सार्थक परिणाम हासिल किया है।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यों के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।

पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

**खबर संक्षेप**

## अमानगंज-पन्ना बाईपास के पास दो ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत, एक ट्रक मौके से फरार

**अमानगंज।** अमानगंज थाना क्षेत्र में इन दिनों सड़क दुर्घटनाओं का दौर लगातार जारी है, सड़क दुर्घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है ताजा मामला गुरुवार की रात लगभग 9रू30 के बीच सामने आया है, जहां दो ट्रैकों की आमने-सामने सीधी भिड़ंत हो गई इसमें एक ट्रक दूसरे ट्रक को टक्कर मार कर मौके से भाग निकला। घटना की जानकारी जैसे ही अमानगंज थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री को लगी तो तुरंत वह मौके पर पहुंची थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री ने स्थिति का जायजा लिया और दूसरे ट्रक की तलाश शुरू कर दी है, अमानगंज बाईपास के पास हुई सड़क दुर्घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है लेकिन ट्रक के परखच्चे उड़ गए। ट्रक का चालक धर्मेंद्र कुशवाहा पिता आसाराम कुशवाहा उम्र 28 वर्ष निवासी देवेंद्र नगर बताया जा रहा है जबकि दूसरे ट्रक का चालक मौके से ट्रक को लेकर फरार हो गया। जिसको अमानगंज थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए टोल प्लाजा के पास पकड़ा और दोनों ही ट्रकों के चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट का मामला दर्ज किया।

### करोड़ों रुपये खर्च कर कराई जा रही जैकेटिंग, लापरवाही किसकी?

# घटेरा रेलवे स्टेशन के पास ब्यारमा नदी में रेलवे पुल के निर्माण में अनियमितताएं



"इस संबंध में कुछ नही कह सकता आपको इस बारे में जानने के लिए जीएम या रेलवे पीआरओ से बात करने पड़ेगी।"

**राजवीर सिंह, चीफ इंजीनियर ऐकसीऐनस कंट्रक्शन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

कटनी बीना रेल सैंक्शन में ब्यारमा नदी में तीसरे रेलवे पुल के निर्माण में अनियमितताओं के कारण करोड़ों रुपये की लागत से जैकेटिंग का काम किया जा रहा है। घटेरा स्टेशन के पास ब्यारमा नदी पर बनाए जा रहे इस पुल के निर्माण में लापरवाही की बात सामने आई है, जिससे पुल के पाये में जैकेटिंग करानी पड़ रही है।- पुल निर्माण में शामिल अधिकारियों या वीआरएस कंपनी की लापरवाही के कारण जैकेटिंग की आवश्यकता पड़ी है।क्योंकि- पहली बार में पुल का निर्माण ठीक से नहीं होने के कारण अब जैकेटिंग करानी पड़ रही है.- चीफ इंजीनियर राजवीर सिंह ने घटेरा और बांदकपुर के बीच तीसरे रेलवे लाइन और पुल में कराई जा रही जैकेटिंग का निरीक्षण किया। लेकिन- उन्होंने कहा कि जैकेटिंग की स्थिति क्यों बनी, इसके पीछे किसकी लापरवाही है, इस बारे में वे कुछ नहीं कह सकते, इसके लिए जीएम या रेलवे पीआरओ से बात करनी होगी.बता दें पुल के निर्माण में लापरवाही के कारण रेलवे विभाग को करोड़ों रुपये का अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा है।लगभग एक वर्ष पूर्व बनकर तैयार हुए पुल से अब तक सेवाएं शुरू नहीं हो पाई हैं। अधिकारी पहले ही निरीक्षण कर लेते तो यह स्थिति नहीं बनती ऐकसीऐनस कंट्रक्शन विभाग के अधिकारियों ने तीसरी रेलवे लाइन के पुल निर्माण का निरीक्षण किया होता ओर बारीकी से जांच की होती तो शायद नए पुल में जैकेटिंग कराए जाने की नौबत ना आती, पहली बार में रेलवे पुल निर्माण में कही न कही और किसी ना किसी की लापरवाही रही होगी जिससे यह नौबत आई कि नए पुल में जैकेटिंग कराई जा रही है, जबकि पुराने पुल जर्जर हालत में होने पर मरम्मत ओर जैलेटिंग का कार्य कराया जाता है, लेकिन ब्यारमा नदी में बने तीसरी रेलवे लाइन के गए पुल के पाए में जैकेटिंग कराए जाने का मामला सुनने देखने अपने आप ही अनोखा लगता है।

कुछ दिनों पूर्व इस संबंध में ऐकसीऐनस कंट्रक्शन विभाग के डिप्टी इंजीनियर नारायण सिंह बुंदेला से जैकेटिंग कराए जाने की जानकारी ली गई थी, तो उन्होंने तीसरे तीसरे रेलवे पुल में जैकेटिंग कराए जाने के पीछे पुल के पाए में मजबूती लाने के लिए पुल के पाए को मोटा कराए जाने की बात कही थी ,जिससे सवाल उठता है पहली की बार में जब पुल का निर्माण बीते वर्ष से चल रहा उस दौरान अधिकारीयो ने पुल की मजबूती का ध्यान क्यों नही दिया इस लापरवाही का,जिम्मेदार कौन है इसका जनाब अधिकारियों द्वारा नहीं दिया जा रहा और इस गंभीर लापरवाही से अपना पल्ला झाड़ लिया।

गुरुवार को जबलपुर चीफ इंजीनियर राजवीर सिंह के द्वारा तीसरे रेलवे पुल में कराई जा रही जैलेटिंग एवम अन्य कार्य का निरीक्षण किया गया लेकिन मीडिया के सवालों से कन्नी काटते हुए नजर आए। घटेरा एवम बांदकपुर के बीच चल रहे तीसरे रेलवे लाइन एवम घटेरा तीसरे रेलवे पुल में कराई जा रही जैकेटिंग का निरीक्षण किया ,जिसमे नए तीसरे रेलवे पुल में जैकेटिंग कराई जाने की स्तिथि क्यों बनी इसके पीछे किसकी लापतावाही है।

# संकुल स्तरीय संगठनों के संवर्ग क्षमता संवर्धन हेतु प्रशिक्षण का हुआ आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा शासन की नीति के अनुरूप सामुदायिक संस्थाओं को मजबूत बनाने के लिए प्रशिक्षण के माध्यम से निरंतर कार्य किया जा रहा है। जिससे सामुदायिक संस्थाएं अपना मालिकाना हक समझ सके और संस्थाओं की नैतिक जिम्मेदारी ले सकें। इसी के अनुरूप विगत दिवस सीटी सी पॉलिटेक्निक दमोह में नारी शक्ति बटियागढ़, सहारा दमोह एवं श्रीराम हटा की कार्यकारिणी सदस्यों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें संस्थाओं का समग्र क्षमता वर्धन के तहत समूह और ग्राम संगठन की बैठकों का आयोजन कृषि में नवाचार, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा, बैंक लिंकेज एवं ऋण वापसी सीआर पी का कार्य प्रबंधन लोकोस ऐप्स से कैसे कार्य किया जाए मॉडल सीएफ की कार्य प्रणाली वित्तीय प्रबंधन सीआईएफ की वापसी एवं लोको एप्स की जानकारी के साथ ही रोजगार उन्नयन की दिशा में कौशल उन्नयन पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण के दौरान संकुल स्तरीय संगठनों के पदाधिकारी ने अपनी अपनी जिज्ञासाओं का उल्लेख किया। जिसे मास्टर ट्रेनर्स के रूप में दिग्विजय पटेल, अरविंद चंदेल सतीश शर्मा धर्मेंद्र मिश्रा सिद्धार्थ ताँबे द्वारा समाधान किया गया। प्रशिक्षण की विशेष मॉनिटरिंग हेतु राज्य ईकाई भोपाल से सहायक राज्य परियोजना प्रबंधक वित्त मनोज मौर्य ने परियोजना के संदर्भ में सामुदायिक संस्थाओं की वित्तीय प्रबंधन प्रणाली पर विशेष चर्चा की जिससे वित्तीय कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे और शासन की नीति के अनुरूप महिलाओं का सशक्तिकरण हो सके। जिला स्तर से सहायक वित्त प्रबंधक जितेंद्र नेमा के द्वारा जिले की परिस्थितियों के अनुरूप सामुदायिक संस्थाओं क़ो वित्तीय प्रबंधन पर गहन प्रशिक्षण दिया गया जिसमें बिल वाउचर, लेजर, कैश बुक का रखरखाव, बुक कीपर के माध्यम से कैसे दिया जाए इस पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण में सभी सीएलएफ की कार्यकारिणी सदस्यों ने गहनता के साथ प्रशिक्षण लिया और उनकी बारीकियो को समझा। प्रशिक्षण उपरांत सामुदायिक संस्थाएं अपनी जिम्मेदारियो के साथ बेहतर कार्य करेंगे ऐसी आशा व्यक्त की गई। इस अवसर पर सातों विकासखंड के विकासखंड प्रबंधक क्रमशः राजेंद्र उपाध्याय दमोह, विवेक शुक्ला बटियागढ़, अंकित खरे पथरिया, संदीप सिंह हटा, नजीब अहमद खान पटेरा, सुमित तिवारी तेंदूखेड़ा एवं धर्मेंद्र मिश्रा जबेरा की महत्वपूर्ण उपस्थित रही। प्रशिक्षण में राज्य इकाई भोपाल से पधारे सहायक वित्त प्रबंधक मनोज मौर्य, जिला परियोजना प्रबंधक शैलेंद्र श्रीवास्तव के द्वारा लोकोएप्स पर समीक्षा कर वस्तु स्थिति की जानकारी ली।

# 15 लाख से बनेगा सामुदायिक भवन राज्य मंत्री ने किया भूमि पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जनपद पंचायत जबेरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत छोटी कटंगी के ग्राम अर्थखेड़ा में 15 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का शुक्रवार को जबेरा विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन में संस्कृति पर्यटन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम वासियों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम को राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने संबोधित करते हुए कहा कि सामुदायिक भवन के निर्माण से आप सभी को विभिन्न सुविधाएं प्राप्त होगी हमारी सरकार का और हमारा लक्ष्य है की हर ग्राम पंचायत में एक समुदाय भवन का निर्माण कराया जाए जिससे कि ग्राम वासियों द्वारा विवाह एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन सुलभता के साथ किया जा सके। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार निरंतर गरीबों के हित में विभिन्न योजनाएं चला रही है जिसमें लाडली बहनों को हर माह 1250 रुपए देने का काम सरकार कर रही हैं और आने वाले समय में दीपावली से यह 1500 रुपए की जाएगी। किसानों को प्रतिमाह 12 हजार रुपए सहित नल जल योजना, संबल कार्ड योजना, मुफ्त खाद्यान्न योजना, जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रदेश को सशक्त एवं समृद्ध बनाने का कार्य हमारी सरकार कर रही है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, ग्राम सरपंच गुड्डा झारिया, मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह, सहायक यंत्री शिवाजी गौड़, उप सरपंच कमोद सिंह, मंडल महामंत्री उमराव सिंह लोधी, निजाम सिंह लोधी, पुरुषोत्तम राय,इमरत सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# हज़ वापिसी पर हुआ इस्तकबाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

मक्का - मदीना शरीफ की कामयाब ज्यारत से अपने गृह नगर हिण्डोरिया लौटने पर हाजी जनाब बहादुर रहमानखान साहब व उनकी शरीक ए हयात (पत्नी) हज्जन अफसाना बी का डीजे, गाजे बाजे, आतिशबाजी, दस्तबोसी व गुलपोशी के साथ नगर के सैकड़ों मुस्लिम भाईयों एवं सभी वर्ग के अकीदतमंद हजरात व्दारा शिददत के साथ शानदार इस्तकबाल किया गया। सबसे पहले सुबह 10 बजे हाजी हजरात के इस्तकबाल लिए नगर के सैकड़ों अकीदतमंद हजरात बांदकपुर स्टेशन पर जमा हुये। यहां एक्सप्रेस ट्रेन से उतरने पर हाजी हजरात का सभी हजरात ने गले मिलकर, माथा चूमकर, दस्तबोशी व गुलपोशी के साथ यादगार इस्तकबाल किया। इस मौके पर हाजी जनाब बहादुर रहमान खान साहब ने हज बैतुल्लाह शरीफ के कामयाब सफर पर अल्लाह का दिल से शुक्रिया अदा करते हुये कहा कि अल्लाह सभी मुस्लिम भाईयों को जिन्दगी मे कशमकश एक बार हज़ बैतुल्लाह पर जाने की तौफीक दे। उन्होंने आगे कहा कि अल्लाह ने हमें और मेरी अहलिया को इतनी ताकत दी के हम हज़ शरीफ के सभी अरकानों को बिना किसी तकलीफ के पूरा कर सके। अल्लाह सबका हज कुबूल फरमाये। इस दौरान हमने अपनी बस्ती, अपने देश व दुनिया के इंसानो की इक जहति, खुशहाली व सेहतयाबी की दुआ मांगी। हिण्डोरिया पहुँचने पर इस्तबालिया जुलूस खानकाह नूरी फरीदी व हजरत बाबा महबूब शाह रहमतुल्लाह अलैय के मजार ए अकदस पर पहुँचा। जहाँ फातेहा का ऐहतेमाम किया गया। एवं तबर्रूक (प्रसाद) का वितरण किया गया।

### संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत पटेरा में हुई बैठक

# कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं से की रायशुमारी



**पटेरा।** संगठन सृजन अभियान के तहत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा पटेरा में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक ऋषभ गार्डन, पड़री तिगड्डा, पटेरा में सम्पन्न हुई। इस बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महाराष्ट्र के पर्यवेक्षक डॉ. कल्याण काले जी, दमोह जिले के प्रभारी हर्ष यादव , भोपाल की पूर्व महापौर श्रीमती विभा पटेल, छतरपुर के वरिष्ठ नेता भुवन बिक्रम सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष रतनचंद जैन, पूर्व नपा अध्यक्ष पं मनु मिश्रा, प्रदीप खटीक सहित अनेक कांग्रेसी नेता विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य पटेरा ब्लॉक के कांग्रेस कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित करना एवं संगठनात्मक मजबूती हेतु जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद को लेकर रायशुमारी करना रहा। कार्यक्रम के दौरान सभी वरिष्ठ नेताओं ने स्थानीय कांग्रेसजनों से व्यक्तिगत रूप से चर्चा कर संगठन की वर्तमान स्थिति, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और भावी दिशा पर सुझाव लिए। कार्यक्रम पूरी तरह से सौहार्दपूर्ण और रणनीतिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। नेताओं ने कहा कि कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने की दिशा में यह अभियान एक निर्णायक कदम है, जिसमें कार्यकर्ताओं की राय सर्वोपरि है। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे और उन्होंने अपने विचार एवं सुझाव खुलकर रखे।

### विश्व योग दिवस आजः योगासन एवं योग क्रियाओं से शरीर को रखें स्वस्थ और निरोग

# बाडी को फिट रखने के साथ सकारात्मक ऊर्जा देता है योग, बीमारियां रहती है दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

जीवनभर स्वस्थ के लिए योग काफी महत्वपूर्ण है योग न केवल हमें शारीरिक रूप से मजबूत बनाता है, बल्कि मानसिक शांति पहुंचाने में भी मदद करता है। यदि आप अपनी दिनचर्या में रोजाना योग को शामिल करें, डाइट का ख्याल रखें और हेल्दी हैबिट्स को अपनाएं तो जीवनभर बीमारियों से बचें रहेंगे और हेल्दी लाइफ जियेंगे। ये बात जिले वासियों को मैसेज देते हुए योगाचार्यों ने कहीं। दरअसल आज २१ जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने को लेकर विभिन्न योग संस्थाओं व प्रशासन के साथ ही योगाचार्यों ने तैयारियां कर ली है। योग दिवस को सफल बनाने के लिए बीते कुछ दिनों से तेन्दूखेड़ा नगर सहित ग्राम पंचायतों में संस्थाओं द्वारा आमजन को योग ध्यान के लाभ को गिनाते हुए योगाभ्यास कराया गया है योगाचार्यों ने कहा कि आज 11 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है जिसका उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना है, ताकि वह योग से जुड़कर स्वस्थ शरीर व निरोगी काया पा सकें। योग करने के कई फायदे हैं। जहां सिर्फ जिम करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है, वहीं योग हमारे शरीर के साथ-साथ दिमाग को भी स्वस्थ बनाता है।



शोभाराम नामदेव कहते हैं कि योग न केवल हमारे शरीर की मांसपेशियों को अच्छा व्यायाम देता है, बल्कि यह हमारे माइंड को शांत रखने में भी मदद करता है। योग शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है। योग तनाव से राहत देता है और बेहतर नींद लाता है। भूख और पाचन को बढ़ाता है। यह दिमाग को हमेशा शांत रखता है।

**-शोभाराम नामदेव तेन्दूखेड़ा**

सुखबीर सिंह यादव कहते हैं कि यदि आप योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करते हैं तो



आप तनाव मुक्त जीवन जी सकते हैं। अध्ययनों में पता चलता है कि आज हर दूसरा व्यक्ति तनाव में हैं। आज विश्व योग दिवस से हमें सभी संकल्प लें कि दिनचर्या में योग को शामिल करेंगे।


**-सुखबीर सिंह यादव**

डॉ जेपी खरे कहते हैं कि योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ बनाता है। क्योंकि यह हमें रोगों से लड़ने



की शक्ति देता है। हृदय रोग, मधुमेह, अस्थमा जैसी कई अन्य बीमारियों के लिए योग की सलाह दी जाती है। वर्तमान में अधिकतर लोग मोटापा से पीडित है। योग को अपनी जीवनशैली में शामिल करके हम मोटापा को नियंत्रित कर सकते हैं। योग करने से शरीर लचीला बनता है। चर्बी को कम करता हैं।

**डॉ जेपी खरे तेन्दूखेड़ा**



दिन भर में कुछ मिनट का योग दिन भर की चिंताओं से मुक्ति दिलाताहै न केवल शारीरिक अपितु मानसिक चिंताओं से भी। योगासन प्राणायाम और ध्यान तनाव दूर करने का कारगर उपाय है योग शरीर को तनाव और हानिकारक पदार्थों से मुक्त करता है। **-रघुराज सिंह राजपूत, प्राचार्य**

शिक्षक केसी सेन कहते हैं कि



जब हम योग करते हैं तो मांसपेशियों में खिंचाव, मरोड़ जैसी कई क्रिस्याएं होती है। इससे हमारे शरीर की थकान दूर होती है और हम हमेशा तरोताजा महसूस करते हैं। यदि आप नियमित रूप से योग करते हैं तो आपके शरीर में ऊर्जा का संचार होता है इसलिए प्रतिदिन सुबह योग करें ।

**केसी सेन शिक्षक तेन्दूखेड़ा**

# स्मारिका विमोचन-शपथ ग्रहण के साथ हुये सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



बी यूनिक इंटरनेशनल मिसेज दुबई,मोस्ट पॉपुलर फेसऑफ आबू धाबी,लोकप्रिय रनवे मॉडल एवं एक्ट्रेस सुश्री विद्या जोशी पटेल,जन परिषद के दमोह चैप्टर के स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि रही।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.विक्रांत सिंह चैहान अध्यक्ष जन भागीदारी ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भोपाल से पधारें रामजी श्रीवास्तव सागर संभाग के संरक्षक, पूर्व विधायक सुनील जैन बुंदेलखंड (म.प्र.)के सह संयोजक शअंकलेश्वर दुबे अन्नी भैया, मालवा के सह संयोजक जितेन्द्र पुरोहित, सागर के संभागीय उपाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव , प्रांतीय सचिव नितिन श्रीवास्तव और गुना चैप्टर के अध्यक्षसतीश राठौर,आर.के.जैन महामंत्री कुण्डलपुर संजय पुजारी,जयपाल यादव सरपंच,नन्हे सिंह ठाकुर सहायक संचालक ,मनीषा दुबे पथरिया, काव्या मिश्रा, निधि श्रीवास्तव, श्रीमति विभा वैभव सिंह,आदि मंचासीन रहें।कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जलन किया गया। अतिथियों का स्वागत जनपरिषद चैप्टर के पदाधिकारियों में सुधीर विद्यार्थी मनोज जैन, दिनेश प्यासी, अकरम खान, अभिषेक सिंघई एडवोकेट, ऋषभ जैन रेल्वे, सौरभ विद्यार्थी, मनीष आउटलुक,बंटू गांगरा, सुरभित सुरक्षित,जय कुमार सुरभि, प्रीति गौतम के साथ महिला समिति ने किया।

कार्यक्रम में जनपरिषद चैप्टर द्वारा प्रकाशित स्मारिका का विमोचन अतिथियों ने करते हुए परिषद के द्वारा आयोजित किये जा रहे रचनात्मक कार्यो की सराहना की। इस अवसर पर जहॉ दमोह अध्यक्ष सुधीर विद्यार्थी ने सभी उपस्थित नागरिकों से आगामी समाजसेवी कार्यो में सहयोग की अपेक्षा की।तो वहीं महिला अध्यक्ष प्रीति गौतम ने जन परिषद की आगामी योजनाओं पर प्रकाश डाला। प्रदेश संयोजक रामजीश्रीवास्तव ने जन परिषद की 36 वीं स्थापना दिवस की जानकारी देते हुए कहा कि कल देखगे इसी बहाने कई मुसाफिर आयेंगे। इस समय जन परिषद परिवार की देश भर में 275 से अधिक चैप्टर्स हैसियत से अधिक चैप्टर्स दूसरे देशों में इंटनेशनल काउसिंल ऑफ पीपुल के नाम पर संचालित है वर्तमान में जन परिषद के अध्यक्ष पूर्व डी.जी.पी. श्री एन.के.त्रिपाठी है। कार्यक्रम का संचालन कार्याध्यक्ष दिनेश प्यासी ने करते हुए सभी से परिषद में सम्मलित होकर समाजसेवी कार्य करने की बात की। सह संयोजक मनोज जैन ने स्मारिका प्रकाशन करने के उद्देशों पर प्रकाश डाला। अंकलेश्वर दुबे ने जहॉ एक ओर जन परिषद के संबंध में उपस्थित जन समूह को बताया कि तो वहीं उन्होंने आगामी कार्यक्रमों में सहयोग की बात की। द्वितीय चरण में जनपरिषद के जिला एवं महिला शाखा के पदाधिकारियों को राष्ट्रीय संयोजक रामजी तिवारी ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।तद्पश्चात नगर को गौरवान्वित प्रतिभाओं में डॉ. नवीन दुबे,मुकेश द्विवेदी,रूपचंद जैन,आर.के.जैन,जयपाल यादव सरपंच,आलोक सोनवलकर,मोती लाल गोयल,काव्या मिश्रा,समीक्षा बजाज,डॉ.चेतन जैन को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विद्या जोशी पटेल दुबई ने दमोह जनपरिषद चैप्टर के आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि मुझे दमोह आकर गौरवान्वित हुई। सागर से पधारें अतिथि पूर्व विधायक सुनील जैन ने बताया कि दमोह जन परिषद एवं युवक क्रांति संगठन द्वारा आयोजित अनेक कार्यक्रमों में आने के बाद आज के इस गरिमामयी आयोजन में अधिक उचाईयां प्राप्त की है। तृतीय चरण में अरहद काला केन्द्र द्वारा सरस्वती वंदना की मनोरम प्रस्तुति की वहीं अंकिता कोरी ने एकल नृत्य की प्रस्तुति कर सभी का मनमोह लिया।

इसी श्रृंखला में सागर नवरंग लोककला अकादमी के संचालक उमेश नामदेव के ग्रुप ने बधाई नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति में सभी जनों की वाह-वाह लूटी। अंत में सभी अतिथियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार महासचिव अभिषेक सिंघई ने मानते हुए आगामी सामाजिक रचनात्मक कार्यो में सभी से सहयोग की अपील की।

## खबर संक्षेप

### जिला अस्पताल में एम्बूलेंस चैकिंग की गई

**दमोह।** जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत जिले में परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस लगातार कार्यवाही कर रहा हैं। इसी क्रम में यातायात टीआई दलबीर सिंह मार्को ने बताया उत्कृष्ट विद्यालय दमोह में लगभग 800 छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। साथ ही यातायात जागरूकता संबंधी पंपलेट का वितरण कर जागरूक किया गया। परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी ने बताया जिला अस्पताल के समीप एम्बुलेंस चैंकिंग की गई।

### जिला खनिज प्रतिष्ठान मद मंडल बोर्ड की बैठक 22 जून को

**दमोह।** जिला खनिज प्रतिष्ठान मद मंडल बोर्ड की बैठक का 22 जून 2025 दिन रविवार समय प्रातः 11 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने सभी संबंधितों को बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है। बैठक का एजेंडा वित्तीय वर्ष 2025-26 कार्ययोजना तैयार किये जाने हेतु प्रस्ताव एवं चर्चा, वार्षिक प्रतिवेदन का अनुमोदन, योजना में विगत वर्ष के प्रगतिरत कार्य की समीक्षा, अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से होंगे।

### लर्निंग ऑउटक्रम में दमोह जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा भारत सरकार द्वारा एक परफॉरमेंस ग्रेडिंग इंडेक्स बनाया गया जिसमे अलग-अलग विषयांतर्गत लर्निंग आउटकम, इंफ्रास्ट्रक्चर आदि सभी विषयों पर स्कूलों की ग्रेडिंग की गई हैं। ग्रेडिंग अनुसार दमोह जिला मध्यप्रदेश में नंबर वन पर आया है। उन्होंने कहा इन चीजों से अभी इतना खुश नहीं हूँ क्योकि ये शुरुआत हैं, जिले के अंदर इन चीजों में अभी बहुत काम करना बाकी हैं लेकिन हाँ, ये प्रोत्साहन जनक खबर है और मुझे लगता है कि हमारे जिले के अधिकारी, शिक्षा विभाग उनकी मेहनत का परिणाम है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा मैं उन सभी को बधाई देता हूँ, लेकिन मैं यह भी कहना चाहूंगा की अभी हमको बहुत लम्बा सफर तय करना है। इस एक शैक्षणिक सत्र में कमर कस के काम करना पड़ेगा ताकि हम जो बाकी जिले या पूरे देश में शिक्षा के क्षेत्र में जो गुणवत्ता लाई जा रही है, हम लोग भी उसमें इस बार हम नीचे की रैंकों में ना रहे। ज्ञात हो कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने पीजीआइ की सूची जारी की हैं। जारी सूची अनुसार जिला स्कूल अधोसंरचना व डिजिटल लर्निंग की ग्रेडिंग में 600 में से 303 अंक लाकर प्रवेष्टा श्रेणी में शामिल हुआ हैं। साथ ही लर्निंग आउटक्रम में 290 में से 168 अंक लाकर प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा।

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक संपन्न

# मूँग का पंजीयन प्रारंभ, लगभग 242 सड़कें स्वीकृत अक्टूबर माह से कार्य प्रारंभ हो जायेगा : राहुल सिंह

**नगरीय विकास एवं आवास संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का दमोह आना प्रस्तावित, ऑडिटोरियम का होगा भूमि पूजन**

**अधिकारी-जनप्रतिनिधि का आपस में सामंजस्य हो तो जिले को एक बेस्ट जिला बना सकते है-जिपं अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल**



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक सांसद राहुल सिंह लोधी की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, वनमंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, एडीशनल एस.पी श्री भदौरिया, समिति सदस्यगण और अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा हर तीन महीने में दिशा की बैठक होती है, मैं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी को बधाई देता हूँ कि मूँग का पंजीयन प्रारंभ हो गया है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लगभग 242 सड़कें जो 477 किलोमीटर की है, उनकी स्वीकृति हो गई है, अक्टूबर माह से कार्य प्रारंभ हो जायेगा। स्टेडियम के संबंध में भी दिशा निर्देश दिये गये।

सांसद श्री लोधी ने कहा जिले की शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिये जो प्रयास किये जा रहे है, उसके लिए कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर और शिक्षा विभाग को बधाई व धन्यवाद देता हूं। उन्होंने अधिकारियों से कहा वह निरंतर अपने प्रयास जारी रखें कुछ समय में परीक्षा परिणाम आने लगेंगे और मुझे लगता है, कि इस वर्ष जो परिणाम आयेगा उसमें हम टॉप 10 में रहेंगे उस लक्ष्य को लेकर हम काम कर रहे है, और निरंतर कलेक्टर श्री कोचर और शिक्षा विभाग लगा हुआ है। सांसद श्री लोधी ने कहा खाद्य विभाग लगातार कार्यवाही कर रहा है पूरे जिले में इसके लिए जिला कलेक्टर और विभाग को बधाई। उन्होंने कहा हार्वेस्टर वालों की सूची उपलब्ध है, उन्हें कहा जाए अभी गेहूं कटाई के समय वांछित मशीन लगाकर ही कटाई की जाये। उन्होंने कहा कंबाइन हार्वेस्टर अनिवार्य किया जाएगा इस संबंध में बैठक लेकर उन्हंध अवगत कराया जाये, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी, संबंधित विभाग समय सीमा में कार्यवाही को सुनिश्चित किया जाये।

सांसद श्री लोधी ने कहा 2 माह पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने मन की बात कार्यक्रम में विषय उठाया था कि छिंडवाड़ा जिले की स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने महुए से कुकीज बनाना प्रारंभ किये है, बैठक में निर्देश दिये महिलाओं को प्रशिक्षण के लिये छिंदवाड़ा भेजा जाये और प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद महिलाओं को जिन मशीनों की आवश्यकता होगी वह उपलब्ध कराई जायेगी। जिले में महुए से कुकीज बनाने का काम हम करेंगे। क्योकि दमोह में बड़ी समस्या कोई भी कार्य प्रारंभ करते है, तो रॉ मटेरियल बाहर से मंगवाना पड़ता है, लेकिन बकस्वाहा, बटियागढ़ क्षेत्र मे भारी मात्रा महुआ होता है, हमारे जिले रॉ मटेरियल उपलब्ध है, तो लागत भी कम आयेगी और हमारे क्षेत्र की महिलाओं को रोजगार भी मिलेगा और वह सशक्त भी होगी।

सांसद श्री लोधी ने कहा नगरीय विकास एवं आवास संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय जी का भी दमोह आना प्रस्तावित है, एक ऑडिटोरियम का भूमि पूजन मंत्री विजयवर्गीय के कर कमलों से होगा। दमोह के बेहतर विकास के लिए सम्मानीय विधायकों और मंत्रियो से चर्चा करके मंत्री विजयवर्गीय जी के आने की तारीख तय होगी और उनका आगमन होगा एवं नई सौगातें दमोह को मिलेगी। उन्होंने कहा हमारा प्रयास रहेगा जब उनका आगमन होगा तो तय करेगें की दमोह जिले की सड़क कहा- कहा गड़बड़ है और कहॉ नालियों का निर्माण होना है। सांसद श्री लोधी ने कहा मुझे लगता है सारी स्वीकृति जल्द ही मिल जायेगी, पिछली बार हमने देखा था कि सुभाष कॉलोनी में जलभराव की स्थिति बनी थी तो बहुत सा अतिक्रमण हटा दिया गया और जो रह गया है उसे भी हटाने की कार्यवाही की जायेगी।

बैठक के प्रारंभ में गत जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया जिस पर समीक्षा कर सांसद श्री लोधी ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जल आपूर्ति के संबंध में जांच की कार्रवाई समय सीमा में कर अवगत कराने के निर्देश दिए गए। सांसद श्री लोधी ने किसान दीदी और लखपति दीदी सम्मेलन आयोजित करने के संबंध में चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने समिति समूह की गतिविधियों की जानकारी ली।

जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता/ गौरव पटेल ने कहा हम लोगों ने प्राचीन बावड़ियां, तालाब की जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत साफ सफाई समस्त अधिकारियों ने और जनप्रतिनिधियों ने मिलकर की है। आजीविका मिशन के द्वारा कितनी महिलाएँ समूह से लाभान्वित हो रही है, लखपति दीदी के संबंध में अधिकारियों को कहा है कि गति प्रदान करें ताकि ज्यादा से ज्यादा महिलाएं आगे आ सकें। उन्होंने कहा शिक्षा विभाग की एक और बहुत अच्छी उपलब्धि है बहुत अच्छा काम शिक्षा विभाग में किया गया है, यदि अधिकारी और जनप्रतिनिधि का आपस में सामंजस्य हो तो दमोह जिले को एक बेस्ट दमोह जिला बना सकते है।


कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा दिशा की बैठक हर तीन महीने में एक बार सांसद जी की अध्यक्षता में आयोजित होती हैं, सांसद जी ने बैठक ली है। इस बैठक में कृषि, स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, खाद्य विभाग आदि विषयों के संबंध में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई है और सांसद जी ने दिशा-निर्देश दिए, जिनमें खास तौर से बीज वितरण अगले सोमवार तक बीज वितरण का कार्यक्रम जन प्रतिनिधियों के माध्यम से पूर्ण किया जायेगा। इसके अलावा लखपति दीदी सम्मेलन और एसएचजी सम्मेलन आयोजित करने की बात कही है। साथ ही महुए से बिस्कुट वगैरह बनाने के लिए स्व-सहायता समूहों को बेहतर रूप से प्रशिक्षित कर सके, इस संबंध में बैठक में चर्चा की गई ।सांसद जी ने निर्देश दिए, कुछ जांचे समय पर पूरा करा ली जाए। बैठक में दिए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित जायेगा।

## चोरी गई बकरियों के साथ 6 आरोपी गिरफ्तार

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ती सोमवंशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा, सुजीत सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में एसडीओपी महोदय हटा प्रशांत सिंह सुमन के निर्देशन पर थाना प्रभारी कुम्हारी उनि बृजेश पाण्डेय व उनकी पुलिस टीम के प्रयास एवं सायबर सेल टीम दमोह के सहयोग से मझौली के जंगल से दिनांक 29.05.25 को प्रार्थी मुलायम आदिवासी की चोरी गई 50 नग बकरियो को कुम्हारी पुलिस के व्दारा दो अलग-अलग स्थानो शाला भजिया की पहाडियो पर एवं ग्राम बिजौरा खमरिया की पहाडियों पर डले चोरों के डेरा से से बरामद किया गया है। सभी छः आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। घटनाः थाना कुम्हारी के ग्राम मझोली के जंगल से दिनांक 29.05.25 को प्राथर्थी मुलायम आदिवासी निवासी मझौली की 50 नग बकरिया जंगल में चराते वक्त मौका का फायद उठाकर बदमाशों व्दारा चोरी कर ले जाना। पुलिसे ने अभियुक्त जम्मद खान पिता रमजान खान उम्र 24 वर्ष, सलमान खान पिता रमजान खान उम्र 19 वर्ष, रमजान खान पिता फूल खान उम्र 65 वर्ष तौनी निवासी ग्राम गाडाघाट टपरिया थाना नोहटा हाल ग्राम भजिया की पहडिया, अलबर खान पिता जलाल खान उम्र 19 वर्ष, तलबार खान पिता जलाल खान उम्र 21. वर्ष, हिम्मत खान पिता जलाल खान उम्र 26 वर्ष तीनों निवासी ग्राम पिपरिया नंदलाल हाल ग्राम बिजौरा खमरिया की पहाडिया थाना नोहटा जिला दमोह को गिरफ्तार किया है। सराहनीय कार्य करने वाले उनि बृजेश कुमार पाण्डेय, सउनि. गोविन्द सिंह, सउनि नवल सिंह, प्र. आर. सुखलाल, प्र. आर. सुरेन्द्र, आर. नागेन्द्र सिंह राजपूत, आरक्षक राजेश कुमार, आरक्षक रमाकांत, आरक्षक बलवंत, आरक्षक आशीष, आरक्षक डेनी सिंह, आरक्षक रामबहादुर, से. प्रीतम सिंह, ग्रारस धर्मेन्द्र सिंह लोधी एवं सायवर सेल दमोह से प्र.आर. राकेश एवं रोहित की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## यातायात जागरूकता का पाठ पढ़ाया

**दमोह।** जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु श्री श्रुतकीर्ति सोमवंशी , पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर तथा ग्रामीण के मार्गदर्शन पर श्री दलबीर सिंह मार्को थाना प्रभारी यातायात द्वारा दिनांक 20/06/2025 को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह में लगभग 800 छात्र छात्राओं एवं स्कूल स्टाफ को यातायात नियमों एवं राह वीर योजना की जानकारी दी गई। राह वीर योजना के तहत वाहन दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को गोल्डन आवर में नजदीकी अस्पताल/ ट्रामा सेंटर पहुंचाकर मदद करने वाले व्यक्तियों को सड़क परिवहन एवं राज मार्ग मंत्रालय द्वारा 25000 रूपये नगद राशि एवं प्रशस्ति पत्र दिए जाने का प्रावधान किया गया है। यातायात जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को 18 वर्ष से पूर्व बिना वैध लाइसेंस के वाहन न चलाने,रस ड्राइविंग न करने, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने एवं चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग करने ,इमरजेंसी वाहनों को सदैव रास्ता देने, दो पहिया वाहन में तीन सवारी न बैठने, सड़क पार करने के तरीके एवं यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई । उपस्थित छात्र छात्राओं एवं स्कूल स्टाफ को यातायात जागरूकता संबंधी पंपलेट का वितरण भी किया गया।



## थाना प्रभारी को दी गई समारोह पूर्वक विदाई




**तेजगढ़।** जबेरा विधानसभा क्षेत्र के तेजगढ़ थाना में पदस्त रहे थाना प्रभारी अभिषेक पटेल ने अपने कार्यकाल में अच्छे और नेक काम किए। उनके यादगार कार्यकाल के फलस्वरूप तेजगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामों के गणमान्य जनों और जनता ने अभिषेक पटेल का भव्य विदाई समारोह किया। सभी ने फूल माला श्री फल देकर सम्मान किया और उनके कार्यों की सराहना की । थानेदार साहब को तेजगढ़ थाने से स्थानातरण होकर नोहटा थाने मे पदस्थ किया गया है जिनको हर्ष उल्लास से सभी ने विदाई दी। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष संग्राम सिंह, देवेंद्र सिंह, भारत सिंह, जनपद सदस्य हरि सिंह यादव, सरपंच प्रतिनिधि विनंजय सेठ, छोटे साहब संजय सिंह, ए एस आई मुंशी, नेतराम सेन सहित पुलिस स्टाफ और अनेकों ग्रामों के गणमान्य जन मौजूद रहे।

## पानी के लिए ग्रामीणों ने पंचायत कार्यालय का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार



दमोह जिले की जनपद जबेरा की ग्राम पंचायत परासई में शुक्रवार की सुबह पेयजल समस्या का समाधान नहीं होने पर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और महिलाएं, युवा, बुजुर्ग, बच्चे पानी के खाली वर्तन लेकर ग्राम पंचायत कार्यालय पहुंचे और दो घंटे तक घेराव करते हुए प्रदर्शन किया। संता बाई सीमा सहित ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में पेयजल की विकट समस्या है, पानी की एक-एक बूंद के लिए ग्रामीण तरस रहे हैं। ग्राम पंचायत द्वारा दो माह पहले नालीनिर्माण के लिए जेसीबी से खुदाई करवाई गई थी, जिसमें करीब 3 50 फीट पाइपलाइन टूट गई थी। लेकिन ग्राम पंचायत के द्वारा एक माह बीतने के बाद भी सुधार कार्य नहीं करवाया गया है और न ही जल निगम के अधिकारियों द्वारा इस समस्या पर ध्यान दिया गया है। उदय सिंह का कहना है कि पेयजल पाइपलाइन से पानी की एक माह से सप्लाई चालू नहीं की गई है, जिससे लोगों को दूर-दूर से पानी लाना पड़ता है। पूरा गांव ग्राम पंचायत कि लापरवाही से परेशान है न ग्राम पंचायत के द्वारा पेयजल पाइपलाइन का सुधार किया जा रहा और न ही जल जीवन मिशन के अधिकारी ध्यान से रहे है। नतीजन पेयजल की किल्लत बीते एक माह से बनी हुई है। यही वजह है जब ग्राम पंचायत और जल जीवन मिशन ने ग्रामीणों की पानी की समस्या का समाधान नहीं किया, तो मजबूरन ग्राम पंचायत कार्यालय का घेराव प्रदर्शन करना पड़ा। हालांकि बाद में सरपंच लेकन सींग द्वारा कल तक पाइपलाइन सुधार कार्य करवाने का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद ग्रामीणों ने प्रदर्शन बंद करते हुए घरों को लौट गए। लेकिन चेतावनी दी है कल तक पाइपलाइन का सुधार कार्य करके पेयजल की सप्लाई शुरू नहीं हुई उग्र आंदोलन होगा हैरानी की बात तो यह है कि एक माह से ग्रामीण पेयजल की किल्लत से जूझ रहे हैं और ग्राम पंचायत परासई के सरपंच सचिव द्वारा नाली निर्माण के दौरान टूटी पाइपलाइन के सुधार कार्य की सुध नहीं ली गई और टूटी हुई पाइप लाइन के ऊपर से सीसी सड़क निर्माण करवा दिया है इससे ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा और ग्राम पंचायत का घेराव करते हुए पानी के खाली बर्तन रखकर प्रदर्शन करते हुए अपना आक्रोश जताया है।

## सागौन से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जबेरा

दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे के जबेरा भदर नाले की मोड़ पर सागौन से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया हादसे में ट्रक चालक एवं क्लीनर बाल बाल बच गए जिन्हें कोई चोंटे नहीं आई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे के जबेरा भदर नाले की मोड़ पर जबलपुर की ओर से आ रहे सागौन की सिल्लियों से भरा एक ट्रक मवेशियों को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गया। यह तो गनीमत रही कि जहां ट्रक पलटा उसी से लगे हुए रहवासी मकान थे जो हादसे में बाल बाल बच गए। ट्रक चालक सागर निवासी गगन विश्वकर्मा ने बताया कि ट्रक क्रमांक जीजे 23 बाई 8127 पर गोसलपुर पनागर से सागौन की लकड़ी की सिल्लियां भरकर सागर जा रहे थे। तभी गुरुवार की रात करीब 10: बजे जबेरा के भदर नाले की मोड़ पर मवेशियों को बचाने के दौरान ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में बाल बाल बचे ट्रक चालक एवं क्लीनर को कोई चोंटे नहीं आई और गनीमत रही कि कोई जनहानि भी नहीं हुई।

## मृगनयनी एम्पोरियम की स्थापना के लिये कलेक्टर ने लिखा पत्र

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले में मृगनयनी एम्पोरियम की स्थापना के लिये मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम के प्रबंधक संचालक को पत्र लिखा है। उन्होने कहा दमोह जिले के दृष्टि पत्र 2047 के अंतर्गत जिले में हस्तशिल्प और हथकरघा को बढ़ावा देने के लिए मृगनयनी एम्पोरियम की स्थापना के संबंध में आवश्यक कार्यवाही का आग्रह किया है। दमोह जिले में हस्तशिल्प और हथकरघा का कार्य स्थानीय स्तर पर किया जाता है, इस उद्योग को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से दमोह जिले में मृगनयनी एम्पोरियम की स्थापना कराये जाने हेतु संबंधितों को निर्देशित किया जाये। इस कार्य में जिले द्वारा हर संभव सहयोग प्रदान किया जायेगा।

**पुलिया चोक होने से होता है जल भराव**

## बरसात के पूर्व पानी निकासी की व्यवस्था नहीं हुई तो फिर भरेगा घरों में पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गेसाबाद



पिछले कई वर्षों से लगातार रोड किनारे निवासरत लोगों के घरों में बरसात का पानी भर जाने की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण जनो को ग्राम पंचायत की उदासीनता के चलते इस बरसात में भी कोई राहत मिलती हुई नहीं दिख रही है। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत गैसाबाद द्वारा अभी तक बरसात के पानी की निकासी के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है जिसके कारण एक बार फिर बरसात के पानी का जल भराव होने से आदिवासी मोहल्ला एवं रोड किनारे निवासरत मकानो के अंदर पानी भरने का अंदेशा बना हुआ है। गौरतलब है कि बस स्टैंड से लेकर आदिवासी मोहल्ला के बरसात के पानी का बहाव आजाद चौक कोऑपरेटिव बैंक की तरफ है। बरसात का पानी एकत्रित होकर मेंन रोड पर स्वास्थ्य विभाग के सामने बनी पुलिया मै से होकर खाई से होते हुए ग्राम के तालाब में मिलता है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के सामने बनी पुलिया चौक होने के कारण बरसात का पानी आगे नहीं निकल पाता है जिससे आदिवासी मोहल्ला में जल भराव एवं स्वास्थ्य विभाग के अंदर कभी-कभी तो 4 फुट गहरा पानी भर जाता है जिससे लोगों का आर्थिक नुकसान होता है, पिछले वर्ष जल भराव से परेशान ग्रामीणो द्वारा इसकी शिकायत कलेक्टर महोदय से की गई थी, लोगों के घरों के अंदर भरे पानी का जयजा लेने तत्कालीन जनपद सीईओ बीएस यादव नायब तहसीलदार शिवराम चडार एवं विधायक प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता लालचंद खटीक भी ग्राम गैसाबाद पहुंचे थे और ग्रामीण जनों की समस्या को देखकर शीघ्र ही ग्राम में जल भराव की समस्या का हल करने हेतु सड़क के दोनों तरफ नाली बनाए जाने का आश्वासन लोगों को दिया गया था, लेकिन एक वर्ष का समय बीत जाने के बाद भी नालियों का निर्माण कार्य नहीं कराया गया और ना ही पानी निकासी की कोई व्यवस्था की गई, अब तो दूसरी बरसात भी आ चुकी है लेकिन पानी निकासी की अब तक कोई व्यवस्था ग्राम पंचायत एवं शासन प्रशासन द्वारा नहीं की गई है ग्रामीण जन परेशान है कि इस बरसात में भी उन्हें जल भराव की स्थिति से हैरान परेशान और आर्थिक छती का सामना करना पड़ेगा ग्रामीण जनों ने एक बार फिर जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर महोदय से गुहार लगाई है कि समय के पहले बरसात के पूर्व हमारे गांव की जल भराव की समस्या का निदान करते हुए बरसात के पानी की निकासी की व्यवस्था की जाए, अब देखना यह होगा कि जहां एक और प्रशासन के मुखिया कलेक्टर महोदय शासकीय अमला को जल भराव की स्थिति से निपट ने के निर्देश दे रहे हैं वहीं दूसरी ओर ग्रामीण अंचलों में जल भराव से परेशान ग्रामीण जनों की समस्या पर कब ध्यान दिया जाएगा।

## सरकारी सहयोग से क्लब फुट से पीड़ित बच्ची अपने पैरों पर चलने लगी

**दमोह।** जिले के ग्राम नोहटा की डेढ बर्षीय मासूम बिटिया दिव्यांशी जो जन्मजात पैर की विकृति 'क्लब फुट' से पीडित थी। उसका पैर अंदर की ओर मुड़ा हुआ था। सरकारी सहयोग से मिले निःशुल्क उपचार से अब वह अपने पैरों पर चलने लगी है। बेटी दिव्यांशी को पहली बार अपने पैरों पर चलता, हॅसता बोलता देख उसके माता-पिता के चेहरे पर मुस्कान लौट आई जो **RBSK** टीम के लिए सबसे बड़ा पुरस्कार है। दिव्यांशी जन्मजात क्लब फुट बीमारी से पीड़ति थी। आर.बी.एस.के. टीम ने ग्राम में स्क्रीनिंग के दौरान उसकी विकृति की पहचान की। दिव्यांशी को जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र में ईलाज हेतु भेजा गया। आर्थोपेडिक विशेषज्ञ द्वारा पैरों का बारीकी से परीक्षण कर छः माह की सतत चिकित्सकीय प्रक्रिया **Ponseti Method** अर्थात प्लास्टर, फिजियोथैरेपी और ब्रैरसेस से ईलाज किया गया। पूरी प्रक्रिया दौरान दिव्यांशी के माता-पिता धैर्य पूर्वक डॉक्टरों की सलाह अनुसार नियमित रूप से फॉलोअप जांच कराते रहे। दिव्यांशी क्लब फुट की विकृति से उबर गई। न केवल चल सकती है, बल्कि दौड भी सकती है। सामान्य बच्चों की तरह हॅसती बोलती है।